**एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय (गुना)**
(राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति)
विवेक पेट्रोल पंप के सामने, ए.बी. बाईपास रोड
जिला गुना (म.प्र.) - 473001
CBSE Affiliation No: 1020102
School Code : 52112

**Eklavya Model Residential School (Guna)**
(National Education Society for Tribal Students)
A.B. Bypass Road, Opposite Vivek Petrol Pump
Distt. Guna (MP) – 473001
Email: eklavyaguna171127@gmail.com
Dise Code: 23070634604

*S.No./EMRSGUNA/2026-27/* 274 *Date:* 04/07/26

**प्रति,**
जिला जनसंपर्क अधिकारी,
जनसंपर्क कार्यालय,
गुना (म.प्र.)

**विषय:** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, गुना में अतिथि शिक्षक (टीजीटी संस्कृत) एवं शारीरिक शिक्षा शिक्षक (महिला) हेतु वॉक-इन-इंटरव्यू संबंधी संशोधित प्रेस विज्ञप्ति के प्रकाशनार्थ।

**महोदय,**

उपरोक्त विषयांतर्गत निवेदन है कि राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति (NESTS), नई दिल्ली के निर्देशानुसार एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, गुना में शैक्षणिक सत्र 2026-27 हेतु **अतिथि शिक्षक (टीजीटी संस्कृत)** एवं **शारीरिक शिक्षा शिक्षक (महिला)** के रिक्त पदों के लिए **दिनांक 09 जुलाई 2026** को वॉक-इन-इंटरव्यू आयोजित किया जाना प्रस्तावित है।

उक्त संबंध में प्रेस विज्ञप्ति संलग्न है। आपसे अनुरोध है कि उक्त प्रेस विज्ञप्ति का स्थानीय समाचार-पत्रों एवं अन्य प्रचार माध्यमों में व्यापक प्रचार-प्रसार एवं प्रकाशन कराने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें, जिससे अधिकाधिक पात्र अभ्यर्थियों तक इसकी सूचना समय पर पहुँच सके।

**संलग्न:**

1. प्रेस विज्ञप्ति - 01 प्रति।

A Pandey

***(अभिषेक कुमार पाण्डेय)***
***प्राचार्य***
***एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय गुना***
***(म.प्र.)***

**एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय (गुना)**
(राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति)
विवेक पेट्रोल पंप के सामने, ए.बी. बाईपास रोड
जिला गुना (म.प्र.) - 473001
CBSE Affiliation No: 1020102
School Code : 52112

**Eklavya Model Residential School (Guna)**
(National Education Society for Tribal Students)
A.B. Bypass Road, Opposite Vivek Petrol Pump
Distt. Guna (MP) – 473001
Email: eklavyaguna171127@gmail.com
Dise Code: 23070634604

*S.No./EMRSGUNA/2026-27/*274 *Date:* 04/07/26

# संशोधित प्रेस विज्ञप्ति

राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति (NESTS), नई दिल्ली के पत्र क्रमांक **16/Walk-in-Interview/EMRS/2026-27** दिनांक **07.04.2026** के संदर्भ में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, गुना (मध्य प्रदेश) में शैक्षणिक सत्र **2026-27** हेतु **अतिथि शिक्षक (Guest Faculty) – टीजीटी संस्कृत एवं शारीरिक शिक्षा शिक्षक (महिला)** के रिक्त पदों के लिए **वॉक-इन-इंटरव्यू** आयोजित किया जाना प्रस्तावित है।

इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे निर्धारित तिथि एवं स्थान पर उपस्थित होकर साक्षात्कार में सम्मिलित हो सकते हैं।

**साक्षात्कार का विवरण निम्नानुसार है -**

- **पद का नाम** :
  1. अतिथि शिक्षक (टीजीटी संस्कृत)
  2. शारीरिक शिक्षा शिक्षक (महिला) (PET-Female)
- **साक्षात्कार का प्रकार** : वॉक-इन-इंटरव्यू
- **तिथि** : **09 जुलाई 2026**
- **समय** : प्रातः **11:00 बजे**
- **स्थान** : एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, गुना (मध्य प्रदेश)

**अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता**

**1. अतिथि शिक्षक (टीजीटी संस्कृत)**

**(A)** एनसीईआरटी के क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालय (Regional College of Education) अथवा किसी अन्य **एनसीटीई (NCTE) मान्यता प्राप्त संस्थान** से **संस्कृत** संबंधित विषय के साथ चार वर्षीय समेकित (Integrated) डिग्री पाठ्यक्रम।

**अथवा**

किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से **संस्कृत** विषय में स्नातक (ऑनर्स) उपाधि। अभ्यर्थी ने तीन वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम में कम से कम **दो वर्ष** तक **संस्कृत** को मुख्य विषय के रूप में अध्ययन किया हो।

**अथवा**

किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक उपाधि, जिसमें अभ्यर्थी ने स्नातक पाठ्यक्रम के **तीनों वर्षों** में **संस्कृत** विषय का अध्ययन किया हो।

**(B)** एनसीटीई (NCTE) द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार, सीबीएसई (CBSE) द्वारा आयोजित **केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (CTET)** उत्तीर्ण की हो।

**(C)** किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से **बी.एड. (B.Ed.)** उपाधि।*

**(D) अंग्रेजी एवं हिन्दी/क्षेत्रीय भाषा** के माध्यम से अध्यापन करने की दक्षता।

***टिप्पणी:** मान्यता प्राप्त संस्थान से **चार वर्षीय समेकित (Integrated) डिग्री पाठ्यक्रम** धारक अभ्यर्थियों के लिए **बी.एड. उपाधि** अनिवार्य नहीं होगी।

**2. शारीरिक शिक्षा शिक्षक (महिला)**

**अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता:** किसी मान्यता प्राप्त संस्थान/विश्वविद्यालय से **शारीरिक शिक्षा (Physical Education) में स्नातक उपाधि।**

सभी अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि वे अपने समस्त शैक्षणिक योग्यता, अनुभव एवं अन्य आवश्यक प्रमाण-पत्रों की **मूल प्रतियों** तथा **स्वप्रमाणित छायाप्रतियों** के साथ निर्धारित समय पर उपस्थित हों।

APandey

*(अभिषेक कुमार पाण्डेय)*
*प्राचार्य*
*एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय गुना*
*(म.प्र.)*